Jansatta

UPSSSC एक्साइज़ कॉन्स्टेबल पोस्ट परीक्षा के लिए 15 सितंबर को जारी करेगा प्रवेश पत्र

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से एक्साइज़ कॉन्स्टेबल पोस्ट की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र 15 सितंबर को जारी किया जाएगा।

यूपीएसएसएससी की ओर से आगामी 25 सितंबर को एक्साइज़ कॉन्स्टेबल पोस्ट के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाना निर्धारित है। इस परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.upsssc.gov.in पर लॉग इन कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

प्रवेश पत्र डाउन लोड करने के लिए सबसे पहले यूपीएसएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट www.upsssc.gov.in पर लॉग इन करें। अब 'Excise Constable Admit Card 2016' लिंक पर क्लिक करें। जरूरी डिटेल्स भरें और सबमिट बटन पर क्लिक करें। आपका प्रवेश पत्र कम्प्यूटर स्क्रीन पर डिस्प्ले होने लगेगा। इसे सेव कर लें और प्रिंट आउट निकाल कर रख लें।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग उत्तर प्रदेश सरकार के अंतर्गत का करता है। इसका काम सरकारी विभागों, मंत्रालयों और उनके अधीनस्थ आने वाले कार्यालयों में खाली पदों को भरने के लिए परीक्षा का आयोजन करना है।